**सं. 19001/2/2022-हिंदी (14267)**
**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो**
**(हिंदी अनुभाग)**

राष्ट्रीय राजमार्ग- 8, महिपालपुर
नई दिल्ली- 110037

दिनांकः 19 अप्रैल, 2023

सेवा में,

कार्यालय प्रभारी,
सभी संबंधित सदस्य कार्यालय,
नराकास दक्षिण दिल्ली-।

**विषय: दिनांक 03.04.2023 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम बैठक के कार्यवृत्त अग्रेषित करने के संबंध में ।**

महोदय/ महोदया,

दिनांक 03.04.2023 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। की प्रथम बैठक के कार्यवृत्त की प्रति आपके सूचनार्थ व आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।

आपसे निवेदन है कि इस कार्यवृत्त में दर्शाई गई मदों पर यथापेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

**संलग्नकः यथोपरि।**

**(शशि कान्त उपाध्याय)**
**उप निदेशक ( एसपीडी)**
**एवं उपाध्यक्ष, नराकास, दक्षिण दिल्ली-1**
**दूरभाषः011-26781311**
**ईमेलः shashikant@bprd.nic.in**

**सूचनार्थ प्रतिः**

1. सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ।
2. महानिदेशक, पु.अनु.वि.ब्यूरो के निजी सचिव के माध्यम से सूचनार्थ ।
3. श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1 (दि.), तृतीय तल, त्रिकूट-।। भीकाजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-66 ।
4. सहायक निदेशक (सिस्टम), पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, नई दिल्ली–कृपया बैठक के कार्यवृत्त को ''नराकास'' टैब पर अपलोड करें ।

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली -। की दिनांक 03.04.2023 को श्री बालाजी श्रीवास्तव, भा.पु.से., महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली की अध्यक्षता में आयोजित प्रथम बैठक के कार्यवृत्त**

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली को **अध्यक्षता** सौंपने के बाद नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। की प्रथम छमाही बैठक दिनांक **03.04.2023** को अपराह्न 1500 बजे पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो मुख्यालय के सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री बालाजी श्रीवास्तव, भा.पु.से., महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा की गई। बैठक में संयोजक कार्यालय (पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो) के श्री नीरज सिन्हा, अपर महानिदेशक, श्रीमती अनुपमा निलेकर चन्द्रा, निदेशक (अनुसंधान एवं एसपीडी), श्री शशि कान्त उपाध्याय, उप निदेशक, (एसपीडी) / उपाध्यक्ष न.रा.का.स. एवं श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, दक्षिणी दिल्ली -। सहित कुल 61 कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों/प्रतिनिधियों शामिल हुए। बैठक में ब्यूरो मुख्यालय के अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुखों द्वारा भी भाग लिया गया। बैठक में शामिल प्रतिनिधियों से संबंधित सूचना **परिशिष्ट – ॥** पर दी गई है ।

बैठक का शुभारंभ अध्यक्ष महोदय सहित सदस्य कार्यालयों से आए कार्यालय प्रमुखों/प्रतिनिधियों, राजभाषा विभाग के अधिकारियों के स्वागत के साथ हुआ। चूंकि यह अध्यक्ष महोदय की प्रथम बैठक है, श्री शशिकान्त उपाध्याय, उप निदेशक,(एसपीडी)/ उपाध्यक्ष न.रा.का.स. ने समिति में उपस्थित कार्यालय प्रमुखों को उनका संक्षिप्त परिचय दिया। तत्पश्चात् दिनांक 08.08.2022 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। की 11वीं बैठक के कार्यवृत्त की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई ।

इसके पश्चात् पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई पर प्रकाश डालते हुए उपाध्यक्ष, न.रा.का.स. ने समिति को अवगत कराया कि दिनांक 08.08.2022 को आयोजित बैठक में चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि हिंदी में निष्पादित

कार्य में वृद्धि के प्रयास किए जाएं । इसके अनुपालन में अधिकतर कार्यालयों ने उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रयास किए हैं | संबंधित नोडल कार्यालयों ने भी अधीनस्थ कार्यालयों को इस संबंध में आवश्यक निदेश जारी किए हैं।

साथ ही, श्री शशिकान्त उपाध्याय, उपाध्यक्ष न.रा.का.स. ने समिति को अवगत कराया कि अधिकांश सदस्य कार्यालयों ने पिछली बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन रिपोर्ट प्रेषित की है, इस संबंध में संयोजक कार्यालय सहित सदस्य कार्यालयों में आयोजित राजभाषा संबंधी विभिन्न गतिविधियों/आयोजन पर प्रकाश डाला गया। तदुपरांत, उपाध्यक्ष न.रा.का.स. ने सदस्य कार्यालयों से प्राप्त 01.04.2022 से 30.09.2022 तक की छमाही रिपोर्ट की नोडल कार्यालयों द्वारा की गई समीक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने समिति को अवगत कराया कि इस बैठक हेतु अधिकतर कार्यालयों से रिपोर्ट प्राप्त हो गई है, साथ ही सभी नोडल कार्यालयों द्वारा अपने अधीनस्थ कार्यालयों की समीक्षा उपलब्ध कराई गई है । नोडल कार्यालयों द्वारा जो समन्वय एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है, उसके लिए उन्होंने, उनका आभार व्यक्त किया । उन्होंने सभी कार्यालयों से आग्रह किया कि वे अपने नोडल कार्यालय का यथासंभव सहयोग प्रदान करते हुए अपनी रिपोर्ट समय से प्रेषित करें। उन्होंने सभी कार्यालयों से आग्रह किया कि कृपया वे नराकास की वेबसाइट तथा व्हाट्सएप ग्रुप के संपर्क में रहें, ताकि बैठक की तिथि व अन्य क्रियाकलापों की नवीनतम जानकारी से वे अवगत हो सके। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो द्वारा शीघ्र ही अपनी वेबसाइट www.bprd.nic.in पर नराकास का Tab उपलब्ध कराया जाएगा। राजभाषा कार्यान्वयन में जिन कार्यालयों ने उत्कृष्ट कार्य किया है, उन कार्यालयों के ब्यौरे समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए (**परिशिष्ट-I** पर संलग्न) ।

(कार्रवाई – सभी सदस्य कार्यालय)

तत्पश्चात सदस्य कार्यालयों को बैठक के दौरान अपनी विशिष्ट उपलब्धियों को साझा करने हेतु आमंत्रित किया गया ।

**सी.एस.आई.आर. - केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान** के श्री संजय चौधरी, हिंदी अधिकारी ने सभी को अवगत कराया कि उनके संस्थान में पुस्तकों की प्रदर्शनी के साथ-साथ विविध अवसर पर विद्वानों एवं वैज्ञानिकों द्वारा हिंदी कार्यशाला/ संबोधन/ तकनीकी प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। संगठन की ओर से अपनी शब्दावली भी तैयार की गई है। सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध है कि यदि वह नराकास की आगामी बैठक में अपना प्रेजेंटेशन देना चाहते हैं तो अध्यक्ष कार्यालय को समय से पूर्व अवगत कराने का कष्ट करें।

**श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन**) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, ने अपने संबोधन में समिति के सदस्यों को हिंदी शिक्षण योजना से संबंधित विभिन्न मदों पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई । उन्होंने सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया है कि वे अपनी शिक्षण योजना से संबंधित छमाही रिपोर्ट अवश्य भेजें साथ ही यह भी अनुरोध किया है कि नराकास की प्रत्येक बैठक में कार्यालय प्रमुख अनिवार्य रुप से भाग लें ।

उन्होनें पुरस्कार से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि राजभाषा विभाग द्वारा दिए जाने वाले सभी प्रकार के पुरस्कारों के लिए विभिन्न मानदंड बहुत ही पारदर्शीय रुप मे दिये गये है जो rajbhasha.gov.in में उपलब्ध है ।

उन्होंने और स्पष्ट करते हुए आगे कहा कि हमारी राजभाषा हिंदी है तो शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में ही किया जाना चाहिए। इसका पालन 'क' क्षेत्र में तो अवश्य ही किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करें। समिति को उन्होंने आश्वस्त किया कि हम इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, पर इस गति को अधिक तीव्र किए जाने की आवश्यकता है।

**(कार्रवाई – सभी सदस्य कार्यालय)**

तत्पश्चात **सी डॉट** द्वारा आयोजित कथा –कहानी, कहो अपनी जुबानी प्रतियोगिता एवं **राष्टीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान** द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के सभी

विजेताओं को अध्यक्ष महोदय द्वारा सी-डॉट के रजिस्ट्रार, श्री औरिन्दम भट्टाचार्या की गरिमामयी उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया ।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में अध्यक्ष महोदय ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। एक प्रभावशाली, सशक्त एवं गतिशील मंच है इससे जुड़ने पर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। इस समिति का प्रमुख उद्देश्य केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की समीक्षा करना, इसे बढ़ावा देना और इसके मार्ग में आई कठिनाईयों को दूर करना है। हम सभी को परस्पर विचार-विमर्श व संवाद के माध्यम से अपने-अपने कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग में आने वाली कठिनाइयों से निजात पाते हुए निरंतर राजभाषा के प्रयोग में वृद्धि दर्ज करना हैं । इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी लेखन के प्रति निरंतर प्रेरित करना होगा तथा राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग करने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले कार्यालयों को पुरस्कृत करना होगा । हमारा लक्ष्य समिति को अल्पकाल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाना है।

इस मंच को सशक्त बनाने के लिए सभी सदस्य कार्यालयों को बैठक से जुडते हुए अपने मत प्रकट करने चाहिए ताकि सभी की सकारात्मक सहभागिता सुनश्चित हो सके । उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि 46 कार्यालयों ने उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त की हैं ।

उन्होंने सदस्य कार्यालयों से आह्वान किया कि राजभाषा के प्रयोग को गति और बल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रभावशाली कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए । उन्होंने आशा व्यक्त की कि हिंदी, केवल हिंदी अधिकारी या किसी एक अनुभाग तक सीमित न रह जाएं, अपितु पूरे कार्यालय को इस दिशा में सकारात्मक प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित करने की दिशा में पहल की जाए । सार्थक एवं उत्साहपूर्वक सहभागिता के लिए उन्होंने सदस्य कार्यालयों को बधाई दी ।

अंत में, श्री शशिकान्त उपाध्याय, उपाध्यक्ष न.रा.का.स. ने अध्यक्ष महोदय के प्रति विशेष रूप से आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी अति व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर रुचिपूर्वक सभी के विचार सुने एवं अपने बहुमूल्य विचारों से हमारा मार्गदर्शन किया । साथ ही, बैठक में उपस्थित सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों / प्रतिनिधियों तथा बैठक के आयोजन व व्यवस्था में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों एवं कार्मिको के प्रति आभार व्यक्त किए जाने के साथ बैठक संपन्न हुई ।

सतीश डबराल
24/4/2023

(सतीश चन्द्र डबराल)

सदस्य सचिव

न.रा.का.स.

## I. राजभाषा कार्यान्वयन में जिनके प्रयास उत्कृष्ट/ संतोषजनक रहे हैं उनके विवरण निम्नानुसार हैं:

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1. | सी.एस.आई.आर. – केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, दिल्ली मथुरा रोड, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 2. | राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान, कोर- 4बी, भारत पर्यावास केन्द्र, लोधी रोड नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 3. | रेल संरक्षा आयोग, उत्तरी परिमण्डल, नई दिल्ली – 110021 | उत्कृष्ट |
| 4. | केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय), कटवारिया सराय, नई दिल्ली – 110016 | उत्कृष्ट |
| 5. | केन्द्रीय रेशम बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 6. | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय, 14, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 7. | निदेशालय (चिकित्सा), कर्मचारी राज्य बीमा योजना औषधालय परिसर, बसईदारापुर, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 8. | राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, महिपालपुर, नई दिल्ली-110037 | उत्कृष्ट |
| 9. | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली पश्चिम | उत्कृष्ट |
| 10. | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली दक्षिण | उत्कृष्ट |
| 11. | केन्द्रीय विद्यालय, सेक्टर-2, आर.के.पुरम नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 12. | सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स, सी-डॉट परिसर, महरौली, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 13. | पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 14. | भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम परिसर (पूर्वी द्वार), नई दिल्ली -110003 | उत्कृष्ट |
| 15. | पंडित दीन दयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी (पीडीनास), जनकपुरी, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 16. | स्टेशन शिक्षा अनुभाग, वायु सेना स्टेशन, तुग्लकाबाद, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 17. | राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, लोधी रोड़, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 18. | प्रगत संगणन विकास केंद्र (सीडैक), इंस्टिट्यूशनल एरिया, जसोला, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 19. | दिल्ली विकास प्राधिकरण, विकास सदन, आई.एन.ए., नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 20. | छावनी परिषद कार्यालय, दिल्ली छावनी | उत्कृष्ट |

| | | |
|---|---|---|
| 21. | राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 22. | पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, राष्ट्रीय राजमार्ग-8, महिपालपुर, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 23. | राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान, सेक्टर – 8, द्वारका, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 24. | केंद्रीय विद्यालय, वायु सेना स्थल, अर्जनगढ़, दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 25. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक कार्यालय, जी ब्लॉक, के.कामराज मार्ग, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 26. | स्टेशन शिक्षा अनुभाग, वायु सेना स्टेशन, रेसकोर्स, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 27. | रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालय (नौसेना/तटरक्षक), पश्चिमी खण्ड- V, रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 28. | रक्षा सम्पदा महानिदेशालय, उलान बाटर मार्ग, दिल्ली छावनी | उत्कृष्ट |
| 29. | आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, अंसारी नगर, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 30. | केंद्रीय विद्यालय, प्रगति विहार | उत्कृष्ट |
| 31. | भारतीय पशु चिकित्सा परिषद, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 32. | कार्यालय, रक्षा लेखा संयुक्त नियंत्रक (वायु सेना), रक्षा मंत्रालय, सुब्रोतो पार्क, दिल्ली कैंट | उत्कृष्ट |
| 33. | क.रा.बी. निगम आदर्श अस्पताल, रिंग रोड, बसईदारापुर, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 34. | सशस्त्र सेना आधान केंद्र, दिल्ली छावनी | उत्कृष्ट |
| 35. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सीमा सड़क), दिल्ली छावनी | उत्कृष्ट |
| 36. | कार्पोरेट कार्य मंत्रालय, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, II तल, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 37. | कार्यालय, स्थानीय परीक्षा अधिकारी, कैंटीन भंडार विभाग, दिल्ली छावनी (कार्यशालाओं का नियमित आयोजन) | उत्कृष्ट |
| 38. | रक्षा लेखा महानियंत्रक, उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी | उत्कृष्ट |
| 39. | भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ, 6ए/6 सीरी इंस्टीच्यूशनल एरिया खेल गांव मार्ग, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 40. | वस्तु एवं सेवा कर आसूचना महानिदेशालय, पश्चिम खण्ड-8, विंग संख्या-6, द्वितीय तल, आर.के. पुरम, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |

| | | |
|---|---|---|
| 41. | केन्द्रीय विद्यालय, टैगोर गार्डन, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 42. | केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क (बोर्ड), सीमा शुल्क: हवाई कार्गो (आयात), निकट इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 43. | उप महानिदेशक नागर विमानन (उत्तरी क्षेत्र), आई.जी.आई. एयर पोर्ट, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 44. | आयुक्त कार्यालय, केंद्रीय कर, दिल्ली पश्चिम, ई आई एल एनेक्स बिल्डिंग, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 45. | सशस्त्र सेना चिकित्सा सामान डिपो, दिल्ली छावनी | उत्कृष्ट |
| 46. | जीएसटी आसूचना महानिदेशालय, पश्चिम खण्ड-8, विंग संख्या-3, आर.के.पुरम, नई दिल्ली | उत्कृष्ट |
| 47. | राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, मथुरा रोड़, नई दिल्ली | संतोष जनक |
| 48. | ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी, 5 वां तल, एनबीसीसी टॉवर बिल्डिंग, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली | संतोष जनक |
| 49. | सीमा सुरक्षा बल महानिदेशालय, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड़, नई दिल्ली | संतोष जनक |
| 50. | राजकुमारी अमृत कौर नर्सिंग महाविद्यालय, लाजपतनगर, नई दिल्ली | संतोष जनक |
| 51. | ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, झड़ौदा कलां, नई दिल्ली | संतोष जनक |
| 52. | केंद्रीय माल एवं सेवाकर, दिल्ली दक्षिण, ई आई एल एनेक्स बिल्डींग, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली | संतोष जनक |
| 53. | राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, लोधी रोड, नई दिल्ली | संतोष जनक |
| 54. | सीमा शुल्क आयुक्त का कार्यालय, सीमा शुल्क: हवाई कार्गो (निर्यात), नवीन सीमा शुल्क भवन, नई दिल्ली | संतोष जनक |

***********************************************************************

परिशिष्ट-II

**नराकास, दक्षिण दिल्ली-। की प्रथम छमाही बैठक में शामिल प्रतिनिधियों की सूची:**

| क्र. सं. | सदस्य कार्यालय का नाम | अधिकारी का नाम और पदनाम | कार्यालय प्रभारी |
|---|---|---|---|
| 1. | वायुसेना स्टेशन नई दिल्ली, रेस कोर्स, नई दिल्ली | श्री सुनील तोमर, एयर कमोडोर, वायु कमान अधिकारी<br>श्री गोविंद सिंह, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | हां |
| 2. | केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क (बोर्ड) हवाई कार्गो आयात, नवीन सीमा शुल्क भवन, | श्री संजय बंसल, सीमा शुल्क आयुक्त, हवाई कार्गो (निर्यात)<br>श्री ज्योतिरादित्य, अपर आयुक्त | हां |
| 3. | सी.एस.आई.आर. - केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, दिल्ली मथुरा रोड़, नई दिल्ली | श्री आर.के. गर्ग, मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी<br>श्री संजय चौधरी, हिंदी अधिकारी<br>श्री प्रिति सचदेवा<br>सुश्री निधि<br>श्री सत्यजीत नायक | हां |
| 4. | कर्मचारी राज्य बीमा निगम मॉडल अस्पताल, बसईदारापुर, दिल्ली | डॉ. संजय मिश्रा, चिकित्सा अधीक्षक<br>श्री हीरा सिंह, उप निदेशक | हां |
| 5. | भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली | श्री एन.एस. मेहरा, मुख्य कार्यकारी<br>एस.पी. कुमार, हिंदी अधिकारी | हां |
| 6. | वस्त्र समिति, क्षेत्रीय कार्यालय, अपैरेल हाउस, सेक्टर – 44, गुरुग्राम | श्री संजीव कुमार जैन, सहायक निदेशक | - |
| 7. | क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली | य़शस्वी बेहेश, सहायक सचिव<br>श्री महेश साव, कनिष्ठ अनुवादक (हिंदी) | हां |
| 8. | सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स, सी-डॉट परिसर, महरौली, नई दिल्ली | डॉ. राजकुमार उपाध्याय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी<br>सुश्री विभा विष्ट, कार्यपालक- राजभाषा | हां |
| 9. | केंद्रीय विद्यालय, सैक्टर-2, आर.के. पुरम, नई दिल्ली | श्री सत्यनारायण प्राचार्य<br>श्री मनीष | - |
| 10. | उप महानिदेशक नागर विमानन का कार्यालय, उत्तरी क्षेत्र, नागर विमानन विभाग, नई दिल्ली | श्रीमती तूहींनांशु शर्मा, उप महानिदेशक<br>श्री राजीव रंजन पाण्डेय | हां |
| 11. | निदेशालय (चिकित्सा), प्रशासनिक (खंड), कर्मचारी राज्य बीमा योजना औषधालय परिसर, बसईदारापुर, नई दिल्ली | डा. अरून कुमार गुप्ता, निदेशक (मेडिकल), दिल्ली<br>श्री बलि राज, सहायक निदेशक | हां |
| 12. | प्रगत संगणन विकास केंद्र (सीडैक), नई दिल्ली | श्री नवीन कुमार जैन, व.निदेशक<br>श्री अभिनव दीक्षित<br>श्री विपुल रस्तौगी<br>श्री शैएब अली | - |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | सीमा सुरक्षा बल महानिदेशालय, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड़, नई दिल्ली | श्री ललित कुमार, उप महानिरीक्षक<br>श्री राम कुमार शर्मा, सूबेदार मेजर (हिंदी अनुवादक) | हां |
| 14. | राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, महिपालपुर, नई दिल्ली | श्री विवेक गोगिया, निदेशक<br>श्री दीपक मो. डामोर, सं. निदेशक<br>श्री सुधा वर्मा, सहा. निदेशक (रा.भा.) | हां |
| 15. | जवाहर नवोदय विद्यालय, मुंगेशपुर, दिल्ली | श्री सुरजीत सिंह, प्राचार्य<br>डॉ. बिमला नारा | हां |
| 16. | राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान सेक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली | डॉ. वंदना शर्मा, सहायक निदेशक (रा.भा.) | हां |
| 17. | पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, राष्ट्रीय राजमार्ग-8, महिपालपुर, नई दिल्ली | श्री बालाजी श्रीवास्तव, महानिदेशक<br>श्री सतीश चन्द्र डबराल, सम्पादक हिंदी<br>श्री मनोज कुमार साव, वरि.हिंदी अनुवादक<br>श्री पिसाल विक्रम आनंदराव, क0 हिंदी अनुवादक | हां |
| 18. | माल और सेवाकर, लेखा परीक्षा-II आयुक्तालय, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली | श्रीमती सुरक्षा कटियार, आयुक्त | हां |
| 19. | वायुसेना अभिलेख कार्यालय, सुब्रोतो पार्क, नई दिल्ली | श्री आर.वी. प्रकाश (वीएम), वायु अफसर कमान<br>श्री भागीरथ साहू, वरिष्ठ अनुवादक<br>श्री राजेश पुरोहित, जू.आ.अ.<br>श्री एस.के. यादव, जू.आ.अ. | - |
| 20. | केन्द्रीय माल और सेवाकर, दक्षिण दिल्ली, ई.आई.एल अनेक्स भवन, भीकाजी कामा प्लेस | श्री अरूण कुमार, प्रधान आयुक्त<br>श्री सुधांशु राय (अपर आयुक्त), राजभाषा<br>श्री राम सरन सिंह, वरिष्ठ अनुवादक अधिकारी | हां |
| 21. | आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एन बी ई एम एस), नई दिल्ली | श्री अनुराग अग्रवाल, सहायक निदेशक<br>श्री प्रणव कुमार, अनुभाग अधिकारी (राजभाषा) | हां |
| 22. | राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान, लोधी रोड, नई दिल्ली | श्री हितेश वैद्य, निदेशक<br>मौ. शाकिब, हिन्दी टंकक<br>श्रीमती पूनम मल्होत्रा, हिंदी अनुवादक | हां |
| 23. | केन्द्रीय माल और सेवाकर, पश्चिमी दिल्ली, चतुर्थ एवं पंचम तल, ई.आई.एल एनेक्स भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली | सुश्री शुभागता कुमार, प्रधान आयुक्त<br>श्री रमेश कुमार, अपर आयुक्त<br>श्री अमित कुमार, कर सहायक | हां |
| 24. | अपर महानिदेशक, माल एवं सेवाकर महानिदेशालय, एम.टी.एन.एल. भवन, | श्रीमती फरह इकबाल गुप्ता, अपर महानिदेशक<br>श्री हरीश कुमार राठी, सहायक निदेशक<br>श्री दिनेश चन्द्र, ए.डी.डी. | हां |
| 25. | केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, पश्चिमी ब्लॉक-।।, आर.के.पुरम, नई दिल्ली | श्री एस.के. मोहिद्दीन, वैज्ञानिक-ग<br>श्री कल्पेश कुमार सिन्हा, कार्यालय अधीक्षक | हां |
| 26. | केंद्रीय भूमि जल प्राधिकरण, 18/11, जामनगर हाउस | डॉ. भूषण आर. लामशोगे, वैज्ञा.-ई<br>श्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा, प्र.अधि. एवं हिंदी अधिकारी | - |
| 27. | रेल संरक्षा आयोग, उत्तर परिमंडल, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली | श्री जनक कुमार गर्ग<br>श्री गिरीश चन्द, हिन्दी सहायक<br>श्री नरेश | हां |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28. | राष्ट्रीय डोप टेस्टिंग लेबोरेट्री, एनडीटीएल | डॉ. तरून हांडा, वैज्ञानिक-डी, राजभाषा अध्यक्ष | - |
| 29. | कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक (नौसेना/तटरक्षक), रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली | श्री राकेश कुमार, भा.र.ले.से., अपर नियंत्रक<br>श्री गौरव सिंह चौहान, कनिष्ठ हिंदी अधि. | हां |
| 30. | रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय, उलान बटार रोड, दिल्ली छावनी | श्री मोहन लाल मीना, वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक<br>श्री अरविन्द, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | हां |
| 31. | कमान अधिकारी, सशस्त्र सेना आधान केन्द्र, दिल्ली छावनी | कर्नल सो वेंकटेसन, कमान अधिकारी | - |
| 32. | ब्लॉक-ए, रक्षा कार्यालय परिसर, अफ्रीका एवेन्यू मार्ग, नई दिल्ली | श्री देव कुमार, नियंत्रक सहायक<br>श्री पीयूष कुमार तिवारी, ले.अ. (रा.भा.)<br>श्री मौहम्मद अशरफ हुसैन, क.अनु.अ. | - |
| 33. | सशस्त्र सेना चिकित्सा सामान डिपो, दिल्ली छावनी | श्री ब्रिगे. एस.के. गुप्ता, कमाण्डेंट<br>श्रीमती सुधा सिंह, क.अनु.अधि. | - |
| 34. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, (सीमा सड़क), सीमा सड़क भवन, दिल्ली छावनी | श्री ए.वी. राव, प्रधान नियंत्रक<br>श्री सुमित गजभिये<br>श्री शिव कुमार मीना | हां |
| 35. | शिक्षा अनुभाग, 27 उपस्कर डिपो, भारतीय वायु सेना, प्रह्लादपुर, पालम, दिल्ली कैंट | श्री ग्रुप कैप्टन सुनील मेनन, स्टेशन कमांडर<br>श्री स्कॉड्रन लीडर मनीष कुमार राय, प्र.अ.शिक्षा<br>श्री बृजेश मिश्रा, वरि. अनुवाद अधिकारी | - |
| 36. | राष्ट्रीय प्राणी उद्यान पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय | श्रीमती आकांक्षा महाजन निदेशक<br>श्रीमती देविका का. अधीक्षक<br>श्री विनीत चौहान (सहायक) | - |
| 37. | ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, झड़ौदा कलां, | श्री प्रवीण कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक<br>श्री विजय कुमार, निरीक्षक (हिंदी अनुभाग)<br>श्री दीपक यादव, सहायक कमा. (राजभाषा) | - |
| 38. | केंद्रीय विद्यालय संगठन (मु.), 18, संस्थागत क्षेत्र – शहीद जीत सिंह मार्ग – नई दिल्ली। | श्री संजीव सक्सैना, वरिष्ठ अनुवादक<br>श्री सुभाष चंद, वरिष्ठ सचिवालय सहायक | - |
| 39. | केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क (बोर्ड), सीमा शुल्कः हवाई कार्गो (आयात), | डॉ. प्रशांत रेकाडे, संयुक्त आयुक्त<br>श्री हनी झा, कें.अनु. अधिकारी | - |
| 40. | राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी, ग्रामीण विकास मंत्रालय | डॉ. आशीष कुमार गोयल, महानिदेशक<br>श्री देवदत्त शर्मा<br>श्री राजकुमार अरोड़ा, सहायक निदेशक | - |
| 41. | रक्षा सम्पदा महानिदेशालय, उलान बटार मार्ग | श्रीमती चारू तिवारी, सहायक निदेशक<br>श्री जी.एस. राजेश्वरन, महानिदेशक, रक्षा संपदा | - |
| 42. | वस्तु एवं सेवा कर आसूचना महानिदेशालय, पश्चिम खण्ड-8, आर.के. पुरम | श्री नीतीश कुमार सिन्हा, प्रधान अपर महानिदेशक<br>श्री हरकेश कुमार मीना, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | - |
| 43. | राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, पर्यावरण, वन | श्रीमती नाज़ रिज्वी, निदेशक | - |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 43. | राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय | श्रीमती नाज़ रिज्वी, निदेशक<br>श्रीमती हरप्रीत कौर कालरा, वरिष्ठ अनुवादक | - |
| 44. | NICSI भीकाजी कामा पैलेस | श्री जितेन्द्र कुमार, वरिष्ठ निदेशक<br>श्री नवीन अग्रवाल,<br>श्री सत्येश शर्मा, निदेशक | - |
| 45. | दिल्ली विकास प्राधिकरण, आई.एन.ए. | श्रीमती अनुराधा, सहायक निदेशक (राजभाषा)<br>श्री दीपक सक्सैना, उप निदेशक (राजभाषा) | - |
| 46. | सीमा शुल्क आयात आयुक्तालय, अंतर्देशीय कंटेनर डिपो, तुगलकाबाद | श्री राम मनोहर मीना, सहायक आयुक्त, | - |
| 47. | पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी 30-31, इंस्टिट्यूशनल एरिया, जनकपुरी | कु. मृदुला घई, निदेशक<br>श्रीमती अनीता कोहली | - |
| 48. | राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान, 5, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया | सुश्री तृप्ति गुरहा, निदेशक<br>श्रीमती सफिकुन नाहार बेगम<br>श्रीमती ज्योति सिंह | - |
| 49. | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली (दक्षिण) | श्री विकास सोदाई, क्षे. भ.नि. आ. – I<br>श्रीमती पूनम तोमर, वरि. अनुवाद अधिकारी | - |
| 50. | केंद्रीय विद्यालय, टैगोर गार्डन | श्रीमती सुनील कुमारी, कें.वि. टैगोर गार्डन | - |
| 51. | पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ, प्रधान कार्यालय, भीकाजी कामा प्लेस | श्री अवधेश कुमार पाण्डेय<br>श्रीमती अनुप्रिया शर्मा, उप निदेसख (राजभाषा एवं उद्योग) | - |
| 52. | कर्मचारी भविष्य निधि संघटन, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली (पश्चिम) | श्री कार्तिकिय सिंह, वे.भ.नि.आर. | - |
| 53. | राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, उत्पादकता भवन, 5-6, इंस्टिट्यूशनल एरिया, लोधी रोड | श्री संदीप कुमार नायक, IAS, महानिदेशक<br>श्री अमिताभ राय, निदेशक (समूह प्रमुख) प्रशा/राजभाषा<br>श्री विनोद सिंह सलाहकार, राजभाषा | - |
| 54. | वायु सेना केंद्रीय लेखा कार्यालय, सुब्रतो पार्क | जी.सी. चौधरी, सी.जी.ओ. (प्र.)<br>सुरजीत सिंह, हिंदी टंकक | - |
| 55. | केंद्रीय विद्यालय, सेक्टर-4, आर.के. पुरम | एस.के. सक्सैना, प्राचार्य | - |
| 56. | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (मुख्यालय) भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली | श्रीमती वीना टम्टा भाटिया, अपर के.रा.नि.आ.<br>श्रीमती वीणा रानी यादव, निदेशक (रा.भा.)<br>श्रीमती श्री देवी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | - |
| 57. | केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | श्री वीरेन्द्र कुमार, उप प्रधानाचार्य<br>श्री संजय कुमार वर्मा, सहायक | - |
| 58. | केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, कोलकाता | श्री हीरालाल सिंह, सहायक निदेशक | - |
| 59. | केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर, | अमनदीप सिंह कपूर, निदेशक | हां |
| 60. | केंद्रीय विद्यालय, एयर फोर्स स्टेशन, नई दिल्ली | श्रीमती विजय लक्ष्मी, हिंदी अधिकारी<br>श्री संदीप, जे.एस.ए. | - |
| 61. | एयर कार्गो एक्सपोर्ट कमेटी, नई दिल्ली | श्री एस.एस. खुराना, हिंदी अधिकारी | - |

*******************************************************************************